इतिहास कक्षा 10वीं

अध्याय - 2

इंडो चाइना में राष्ट्रवादी आंदोलन

महत्वपूर्ण घटनायें / तथ्य :-

1. औपचारिक रूप से वियतनाम को 1945 में स्वतंत्रता मिली।
2. इंडो चाइना तीन देशों से मिलकर बना है - वियतनाम, कंबोडिया और लाओस।
3. 1858 में फ्रांस ने पहली बार वियतनाम में प्रवेश किया। धीरे-धीरे उसने पूरे नियतनाम पर कब्जा कर लिया।
4. 1887 ई0 ने फ्रेंच इंडो चाइना का गठन किया गया।
5. फ्रांसीसी शिक्षा देकर अपनी सभ्यता के रंग में रंगना चाहते थे।
6. 1907 में टोंकिन फ्री स्कूल खोला गया। विज्ञान, स्वच्छता व फ्रांसीसी भाषा की कथाएँ शामिल थीं।
7. 1926 में साइगॉन नेटिव गर्ल्स स्कूल में आंदोलन। विवाद का कारण कतार में बैठने के लिए कहना।
8. 1903 हनोई में ब्यूबॉनिक प्लेग की महामारी फैल गई। चूहों को पकड़ने की मुहिम शुरू हो गई।
9. होआ - हाओ आंदोलन (1939)- इस आंदोलन के संस्थापक हुइन्ह फू सो थे। वह जादू टोना करते व गरीबों की मदद करते थे। फ्रांसीसी सरकार ने इन्हें पागल घोषित कर दिया। उन्हें पागल कहकर बुलाया जाता था।
10. 1854 ई0 - फ्रांसीसियों की पराजय के बाद जिनेवा में चली शांति वार्ता में वियतनामियों को देश का विभाजन मानने को बाध्य कर दिया गया। उत्तर और दक्षिणी वियतनाम दो अलग-अलग राज्य बन गए।

12. 1974 – में पेरिस में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिका के साथ टकराव की समाप्ति।

13. 1975 ई0 में एन.एल.एफ द्वारा राष्ट्रपति महल पर कब्जा व वियतनाम के दोनों राष्ट्रों को मिलाकर एक राष्ट्र की स्थापना कर दी गई।

महत्वपूर्ण शब्दावली :–

1. **औपनिवेशिक व्यवस्था** – वह व्यवस्था जिसमें कोई देश किसी दूसरे देश पर कब्जा करके उसका आर्थिक और राजनीतिक शोषण करे, औपनिवेशिक व्यवस्था कहलाती है।
2. **समन्वयवाद** – एक ऐसा विश्वास जिसमें विभिन्नताओं की बजाय समानता पर ध्यान देते हुए अलग-अलग मान्यताओं और आचारों को एक दूसरे के साथ लाने का प्रयास किया जाता है।
3. **यातना शिविर** – एक प्रकार की जेल जिसमें कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही लोगों को कैद में डाल दिया जाता है व उन्हें कठोर यातनाएँ दी जाती हैं।
4. **गणतंत्र** – आम जनता की सहमति और जन-प्रतिनिधित्व पर आधारित शासन व्यवस्था।
5. **साम्यवाद** – एक राजनैतिक आंदोलन जो एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था पर विश्वास करता है जिसमें राज्य जनता की ओर से सभी उत्पादन साधनों पर नियंत्रण रखता है। इसका उद्देश्य समाज में सभी को समान अधिकार देना है।
6. **नापाम** – अमेरिका में विकसित किया गया एक ऐसा ऑर्गेनिक रसायन जो धीरे-धीरे जलता है और मानव त्वचा जैसी किसी भी सतह के संपर्क में आने पर उससे चिपक जाता है व जलता रहता है।
7. **स्कॉलर्स रिवोल्ट** – एक आंदोलन जो 1868 में फ्रांसीसी कब्जे और ईसाई धर्म के प्रसार के खिलाफ प्रारंभ हुआ था। इस आंदोलन की बागडोर शाही दरबार के अफसरों के हाथों में थी।

महत्वपूर्ण व्यक्तित्व :

1. **फान चू त्रिन्ह** – वियतनाम के एक राष्ट्रवादी नेता थे जो राजतंत्र के कट्टर विरोधी थे। वे फ्रांसीसियों को देश से निकालने के लिए शाही दरबार अथवा राजा की सहायता लेने के पक्ष में नहीं थे।
2. **हुइन–फू सो**– वे होआ–होआ आंदोलन के संस्थापक थे जो 1939 में वियतनाम में प्रारंभ हुआ। वह गरीबों की सहायता करते व जादू टोना करते।
3. **फान बोई चाऊ**– वियतनाम के महत्वपूर्ण राष्ट्रवादी। 1903 में उन्होंने रिवोल्यूशनरी सोसाइटी (दुई वान होई) नामक एक पार्टी का गठन किया।
4. **कन्फ्यूशियस** – ये एक चीनी विचारक थे, उन्होंने सदाचार, व्यवहार बुद्धि और उचित सामाजिक संबंधो को आधार बनाते हुए एक दार्शनिक व्यवस्था विकसित की।

1 अंक वाले प्रश्न

1. इंडो चाइना में कौन से देश सम्मिलित हैं ?
2. संरचनागत परियोजनाएँ क्या होती हैं ?
3. 1930 की महामंदी का वियतनाम पर क्या प्रभाव पड़ा ?
4. वियतनाम की लपलपाती चिंगारी किसे कहा जाता था और क्यों ?
5. एजेंट ऑरेंज क्या है ? अमेरिकी सेनाओं ने वियतनाम पर इसका छिड़काव क्यों किया ?
6. उपनिवेशों को क्यों स्थापित किया गया ?

7. सन यात सेन कौन था?
8. कन्फयूशियस कौन था?
9. 1903 में हनोई के नवनिर्मित आधुनिक भाग में कौन सी महामारी फैली थी?
10. एकतरफा अनुबंध व्यवस्था से क्या तात्पर्य है?

3/5 अंक वाले प्रश्न –

1. वियतनाम पर फ्रांसीसियों के कब्जे के बाद टकराव क्यों होने लगा? कारण लिखो।
2. वियतनाम की सम्पदा का शोषण करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए फ्रांसीसियों द्वारा उठाए गए कदमों की व्याख्या करो।
3. फ्रांसीसियों ने वियतनाम में संरचनात्मक परियोजनाओं का निर्माण क्यों और कैसे किया?
4. वियतनाम के बँटवारे से पूरा देश युद्ध के मोर्चे में तब्दील होकर रह गया। इस कथन की पुष्टि कीजिए।
5. उन संरचनात्मक परियोजनाओं का वर्णन कीजिए, जिन्हें फ्रांसीसी उपनिवेशकों ने वियतनाम में विकसित किया।
6. उपनिवेशों का विकास करना क्यों जरूरी है? कारण लिखो।
7. फ्रांसीसियों की शिक्षा नीति का वर्णन करें। वियतनाम में टोंकिन फ्री स्कूल खोलने के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए।
8. चीन में शुरू हुए पूर्व की ओर चलो आन्दोलन की क्या विशेषताएँ थीं?
9. स्वतंत्रता के लिए वियतनाम के संघर्ष में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।
10. हो चि मिन्ह मार्ग की चार विशेषताओं का वर्णन करो।

11. फ्रांसीसियों द्वारा प्लेग की समस्या को हल करने के लिए कौन से कदम उठाए गए ?

उत्तर माला

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. वियतनाम, लाओस, कम्बोडिया
2. ऐसी विशाल परियोजनाएँ जिनसे अर्थव्यवस्था का ढाँचा तैयार होता है।
3. वियतनाम पर प्रभाव -
   1) रबड़ और चावल के दाम गिर गए।
   2) किसानों पर कर्जा बढ़ने लगा।
   3) बेरोजगारी में तेजी से वृद्धि।
4. न्हो अल और हा तिन्ह प्रांतों को रैडिकल आंदोलन की चली आ रही एक लंबी परंपरा के कारण लपलपाती चिंगारी कहा जाता था।
5. एक ऐसा जहर जिसके छिड़काव से पेड़ों की पत्तियाँ झड़ जाती हैं, पौधे मर जाते हैं। जिन ड्रमों में इसे रखा जाता था उन पर ऑरेंज रंग की पट्टियाँ बनी होती थीं। इस जहर का छिड़काव इसलिए किया गया क्योंकि वे वियतनाम के जंगलों को नष्ट कर देना चाहते थे।
6. साम्राज्यवादी देश की भलाई के लिए।
7. चीन के महान नेता थे।
8. चीनी दार्शनिक
9. ब्यूबॉनिक प्लेग
10. ऐसा अनुबंध जिसके तहत मज़दूरों को कोई अधिकार नहीं दिए जाते थे। शर्तों के अनुसार काम न कर पाने पर मालिक उनके खिलाफ मुकदमें दायर कर देते, उन्हें सजा देते व जेलों में डाल देते थे।

3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर

1. 1) फ्रांसीसियों का दबाव सबसे ज्यादा सैनिक व आर्थिक मामलों में था।
   2) उन्होंने वियतनामी संस्कृति को तहस-नहस करने की कोशिश की।
   3) फ्रांसीसियों और उनके वर्चस्व का अहसास करने वाली हर चीज के खिलाफ वियतनाम के लोगों ने विरोध किया।
   4) यहाँ से वियतनाम में राष्ट्रवाद के बीज पड़े।

2. -- फ्रांसीसियों ने मेकांग डेल्टा इलाके में खेती बढ़ाने के लिए नहर बनवाई, जल निकासी का प्रबंध।
   -- लोगों को जबरन काम पर लगाया गया।
   -- चावल के उत्पादन में वृद्धि। संसार का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया।

3. वस्तुओं के आवागमन, फौजी टुकड़ियों की आवाजाही और पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण कायम करने के लिए।
   -- विशाल रेल नेटवर्क का निर्माण। वियतनाम के उत्तरी व दक्षिणी भागों को जोड़ा गया।
   -- रेल लाइन के जरिए कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह के रास्ते से होते हुए वियतनाम को स्याम देश से जोड़ दिया गया।
   -- फ्रांसीसी व्यवसायियों द्वारा कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए सरकार पर दबाव।

4. ★ अपने ही लोगों और पर्यावरण की तबाही।
   ★ तख्तापलट में बायो डाई को गद्दी से हटाया गया। दिएम की अगुवाई में एक और निरंकुश शासन की स्थापना।
   ★ तानाशाही के खिलाफ एन.एल.एफ की स्थापना। इसने हो ची मिन्ह

के नेतृत्व वाली सरकार की सहायता से देश के एकीकरण के लिए आवाज़ उठाई।

5. -- विनयनाम के मेकोंग डेल्टा इलाके में खेती बढ़ाने के लिए सबसे पहले वहाँ नहरें बनाई, जल निकासी प्रबंध शुरू किया।
-- सिंचाई व्यवस्था का विस्तार किया गया। कई नहरें व भूमिगत जल धाराएँ बनाई गई।
-- लोगों को जबरन काम पर लगाने से चावल के उत्पादन में वृद्धि हुई। वियतनाम चावल का दुनिया में 1931 तक तीसरा बड़ा निर्यातक बन चुका था।

6. 1) उपनिवेशों का विकास गुलाम देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हुआ।
2) विकास जरूरी है जिससे मुनाफा कमाया जा सकता है।
3) जीवन स्तर बेहतर होगा, वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे।
4) बाजार फैलेगा तो फ्रांसीसी व्यापारियों को फायदा होगा।

7. **फ्रांसीसियों की शिक्षा नीति** :-
1) **मुख्य प्रश्न** - शिक्षा किस हद तक दी जाए, किस भाषा में दी जाए।
2) धनी वर्ग पर चीनी संस्कृति का गहरा प्रभाव।
3) परंपरागत शिक्षा को तहस नहस किया। फ्रांसीसी किस्म के स्कूल खुले।
4) फ्रांसीसी भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने का दबाव नीति निर्माताओं द्वारा। कुछ का विचार था कि छोटी कक्षाओं में वियतनामी और बड़ी में फ्रांसीसी भाषा में शिक्षा दी जाए।
5) किताबों में फ्रांसीसियों और औपनिवेशक शासन का गुणगान।

वियतनामियों को आदिम और पिछड़ा दर्शाया जाता जो बौद्धिक कार्य के लायक नहीं हैं।

6) 1907 में पश्चिमी शिक्षा प्रदान करने के लिए टोंकिन फ्री स्कूल खोला गया। स्कूल छात्रों को पश्चिमी शैली को अपनाने के लिए उकसाता था।
7) विद्यार्थियों को जानबूझकर फेल करना ताकि वे अच्छी नौकरियों की योग्यता प्राप्त न कर सकें।
8) पुस्तकों और पाठ्यक्रम का शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा विरोध हुआ।
9) शिक्षा के खिलाफ चल रहा संघर्ष धीरे-धीरे उपनिवेशवाद के विरोध और स्वतंत्रता के हक में चलने वाला व्यापक आंदोलन बन गया।

टोंकिन फ्री स्कूल खोलने का उद्देश्य :-

1) फ्रांसीसी वियतनामियों को पश्चिमी ढंग की शिक्षा देना चाहते थे।
2) विज्ञान, स्वच्छता, फ्रांसीसी भाषा और साहित्य शामिल थे।
3) कक्षाएँ शाम को लगती थीं। इनके लिए फीस अलग देनी होती थी।
4) बच्चों को छोटे-छोटे बाल रखने की सलाह दी जाती थी।

8. 1) 20वीं सदी के शुरू में चीन में शुरू।
2) 300 वियतनामी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने जापान गए।
3) वियतनाम से फ्रांसीसीयों को निकालना।
4) जापानियों से हथियार व समर्थन की मांग।
5) वियतनामी विद्यार्थियों ने टोकियो में रेस्टोरेशन सोसायटी की स्थापना की।

9. 1) 1960 के दशक के पत्र-पत्रिकाओं में दुश्मन से लोहा लेती औरतों की तस्वीर छपने लगी।

2) योद्धा के रूप में ही नहीं बल्कि कामगारों के रूप में भी पेश किया गया।
3) बूढ़ी या जवान औरतों को निःस्वार्थ भाव से देश की रक्षा करते दिखाया।

10. 1) इस मार्ग पर सड़कों का एक बड़ा जाल है जो पड़ोसी देशों से जोड़ता है।
2) फुटपाथों और सड़कों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से सैनिक व रसद सामग्री भेजी जाती थी।
3) इन मार्गो पर जगह-जगह छोटे सैनिक अड्डे व अस्पताल बने थे।
4) माल ढुलाई का काम कुली करते थे।

11. 1) 1902 में चूहों को पकड़ने की मुहिम शुरू की गई।
2) चूहे के बदले ईनाम दिया जाने लगा।
3) ईनाम के चक्कर में चूहे पकड़ते और छोड़ देते।
4) हनोई नगर में सफाई अभियान।